UPBU 16 000174 2005

## न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, खुर्जा, बुलन्दशहर।

वाद संख्या 551/2005
मुकदमा अपराध संख्या 130/2005
सरकार बनाम नवाब।

अंतर्गत धारा 4/25 आयुध अधिनियम।
थाना खुर्जा नगर, जिला बुलन्दशहर।

**दिनांक- 10.09.2025**

पत्रावली पेश हुयी। पुकार पर अभियुक्त नवाब पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ पप्पू कुरैशी निवासी मौ० तरीनान खुर्जा, थाना खुर्जा नगर, बुलन्दशहर अनुपस्थित। गवाह सी.डब्लू 1 के रूप में एस.आई. आकाशदीप थाना खुर्जा नगर का बयान अंकित किया गया। अभियोजन द्वारा इस आशय का कथन किया गया है कि अभियुक्त के विरूद्ध 82 दं०प्र०सं० की उदघोषणा की गयी, संबंधित थाने की आख्यानुसार दिये गये पते पर जानकारी की गयी तो अभियुक्त उक्त पते पर निवास नहीं करता है। गवाहों को तलब किया जाना संभव नही है। पत्रावली का निस्तारण करने की कृपा करें।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि अभियुक्त की अनुपस्थिति के कारण उसके विरूद्ध दिनांक 29.08.2025 को धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता की कार्यवाही अग्रसारित की गयी थी। चूंकि अब प्रस्तुत पत्रावली में अभियोजन द्वारा कथन किया गया है कि अभियुक्त के पते पर जानकारी की गयी तो पता चला कि अभियुक्त के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। प्रस्तुत प्रकरण में धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता की कार्यवाही के तहत गवाह सी.डब्लू.1 का बयान अंकित किया जा चुका है। अन्य किसी साक्षी के मिलने की संभावना नही है। प्रकरण वर्ष **2005** का है तथा प्राचीनतम वाद है। ऐसी स्थिति में साक्ष्य की कार्यवाही समाप्त की जाती है। चूंकि प्रस्तुत प्रकरण में अभियुक्त अनुपस्थित है। उसके विरूद्ध स्थाई रूप से गैर जमानतीय वारंट निर्गत हो और इस सम्बन्ध में सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक को सूचना प्रेषित की जाये।

इस वाद की समस्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये इस पत्रावली को इस निर्देश के साथ दाखिल अभिलेखागार किया जाता है कि यह पत्रावली विनिष्ट नहीं की जायेगी तथा अभियुक्त जब गिरफ्तार होकर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा अथवा उसके द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण किया जाये तब यह पत्रावली अभिलेखागार से वापस की जायेगी, जिससे कि अभियुक्त **नवाब** का विचारण किया जा सके। उनके विरूद्ध स्थाई रूप से गैर जमानतीय वारंट निर्गत हो और इस सम्बन्ध में सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक को सूचना प्रेषित की जाये।

दिनांकः–10.09.2025

(सुमित चौधरी)
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
खुर्जा, बुलन्दशहर।

Digitally signed by SUMIT CHAUDHARY
Date: 2025.09.10 14:07:07 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court